आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce
e-mail: nsscceraj@gmail.com Ph.: 8377917640

क्रमांक : एफ.8 (8) विविध/एनएसएस/आकाशि/2022/ दिनांकः अगस्त, 2024

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
जयपुर शहर, जयपुर।

विषय :– दिनांक 23 अगस्त, 2024 को "राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस" के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदर्शनी के भ्रमण हेतु।

सन्दर्भ :– उप निदेशक, केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, प्रादेशिक कार्यालय, जयपुर (राजस्थान रीजन) के पत्रांक जे11014/12/2024/सीबीसीआरओ/791 दिनांक 16.08.2024.

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2023 में चन्द्रयान 3 मिशन की सफलता के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष दिनांक 23 अगस्त को **"राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस"** के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में केन्द्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय जयपुर द्वारा **"राष्ट्रीय अन्तरिक्ष दिवस" के उपलक्ष्य में दिनांक 22 से 24 अगस्त, 2024 तक 3 दिवसीय** चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में चित्रों के माध्यम से आमजन को भारत के अन्तरिक्ष कार्यक्रम का इतिहास एवं इस क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से अवगत करवाया जायेगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को दिनांक 22 से 24 अगस्त, 2024 तक आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करवाते हुए प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें।

कार्यक्रम स्थान एवं समय

स्थान : सुकृति आर्ट गैलेरी, जवाहर कला केन्द्र, जयपुर।
समय : प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक
दिनांक : 22 से 24 अगस्त, 2024

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

(डॉ. कृष्ण कुमार कुमावत)
राज्य समन्वयक

प्रतिलिपि –

1. उप निदेशक, केन्द्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, जयपुर के पत्र दिनांक 16.08.2024 के क्रम में सूचनार्थ।
2. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
4. डॉ. स्निग्धा शर्मा, जिला समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, राजकीय महाविद्यालय, जयपुर को निर्देशित किया जाता है कि जयपुर शहर की समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालयों से समन्वय स्थापित कर दिनांक 22 से 24 अगस्त, 2024 तक जवाहर कला केन्द्र के सुकृति आर्ट गैलेरी में प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक आयोजित प्रदर्शनी में समस्त विद्यार्थियों को प्रदर्शनी का अवलोकन करवाते हुए प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करावें।
5. वेबसाईड प्रभारी, आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर को अपलोड/ई–मेल हेतु।

(डॉ. कृष्ण कुमार कुमावत)
राज्य समन्वयक

Signature valid
Digitally signed by Krishan Kumar Kumawat
Designation : Assistant Professor
Date: 2024.08.21 12:44:19 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 9878172